**Regarding Need to set up a market place (Mandi) for sale-purchase of green peas in Etah Parliamentary Constituency-laid**

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** मैं आप के माध्यम से सरकार का ध्यान एटा और कासगंज जिले में मटर मंडी स्थापित करने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ हमारे क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान मटर की खेती करते हैं लेकिन उन्हें अपनी फसल उचित मूल्य पर बेचने के लिए दूरदराज के बाजारों में जाना पड़ता है इससे श्रम और परिवहन लागत बढ़ जाती है और किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता गोविंदपुरा और गजंडुंडवारा मे मटर मंड़ी स्थापित करने से न केवल किसानों को सीधा लाभ होगा बल्कि स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा । मंडी में भंडारण प्रसंस्करण और विपणन सुविधाएं उपलब्ध होने से बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा । अत: मैं संबंधित मंत्रालय से आग्रह करता हूँ कि मोहनपुरा में मटर मंडी और गजंडुंडवारा में सब्जी मंडी की स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि किसानों और स्थानीय युवाओं को इसका अधिकतम लाभ मिल सके ।